**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं.3069 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024/18 श्रावण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**जलमार्गों का नेटवर्क**

3069. श्री आलोक शर्मा:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में जलमार्गों के नेटवर्क का किलोमीटर में ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की जलमार्गों के विस्तार की कोई योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पत्तनों के विकास के लिए कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है; और

(ङ) गोदी कामगारों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क)**: देश में अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अंतर्गत **अनुबंध-1** में दर्शाए गए अनुसार 24 राज्यों में फैले हुए 20186.65 कि.मी. लंबाई के 111 जलमार्गों (05 मौजूदा और 106 नए) को राष्ट्रीय जलमार्गों के रूप में घोषित किया गया।

**(ख) और (ग)**:अभी तक, राष्ट्रीय जलमार्गों के विस्तार की कोई योजना नहीं है।

**(घ)**:सागरमाला पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की केन्द्रीय क्षेत्र कीप्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य भारत की 7,500 कि.मी. लंबी तटरेखा, 14,500 कि.मी. के संभाव्य नौचालन योग्य जलमार्गों और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों पर सामरिक स्थिति का लाभ उठाते हुए देश में पत्तन-आधारित विकास को बढ़ावा देना है। सागरमाला योजना के अंतर्गत मंत्रालय पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोजनाओं, सड़क एवं रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं जैसी परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है।

(ङ):वर्तमान में, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के अंतर्गत गोदी कामगारों के कल्याण के लिए कोई विशिष्ट योजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत 12 महापत्तन हैं। विभिन्न महापत्तनों में गोदी कामगारों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न तंत्र, जैसे सामूहिक बीमा, कल्याण कोष आदि हैं। इसके अतिरिक्त, कलकत्ता डॉक श्रमिक बोर्ड सहित महापत्तनों के वेतनपत्रक के गोदी कामगारों सहित महापत्तनों के सभी कर्मचारियों से संबंधित उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआर) योजना भी है।

अनुबंध-1

## दिनांक 12.04.2016 से प्रभावी राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के माध्यम से घोषित किए गए 111 राष्ट्रीय जलमार्गों की सूची

| क्र. सं. | राष्ट्रीय जलमार्ग सं० | लम्बाई (किमी) | राष्ट्रीय जलमार्गों का विवरण | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 | 1620.000 | गंगा –भागीरथी -हुगलीनदी प्रणाली (हल्दिया – इलाहाबाद) | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल |
| 2 | राष्ट्रीय जलमार्ग 2 | 891.000 | ब्रह्मपुत्र नदी (ढुबरी-सादिया) | असम |
| 3 | राष्ट्रीय जलमार्ग 3 | 205.000 | वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम-कोल्लम) चंपाकरा एवं उद्योगमंडल नहरें | केरल |
| | | 169.794 | वेस्ट कोस्ट नहर (कोट्टापुरम- कोझीकोड) | |
| 4 | राष्ट्रीय जलमार्ग 4 | 50.000 | काकीनाडा नहर (काकीनाडा से राजामुन्द्री) | आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुदुच्चेरी, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र |
| | | 171.000 | गोदावरी नदी (भद्राचलम से राजामुन्द्री) | |
| | | 139.000 | इलुरू नहर (राजामुन्द्री से विजयवाड़ा) | |
| | | 157.000 | कृष्णा नदी (वजीराबाद से विजयवाड़ा) | |
| | | 113.000 | कोम्मामुर नहर (विजयवाड़ा से पेड्डागंजम) | |
| | | 316.000 | उत्तरी बकिंगघम नहर (पेड्डागजंम से चेन्नै का सेन्ट्रल स्टेशन) | |
| | | 110.000 | दक्षिण बकिंघम नहर (चेन्नै के सेन्ट्रल स्टेशन से मराकणम तक) | |
| | | 22.000 | कलूवेल्ली टेंक के माध्यम से माराकणम से पुदुच्चेरी | |
| | | 1201.600 | गोदावरी नदी (भद्राचलम- नासिक) महाराष्ट्र (736.1 कि.मी.), तेलंगाना (528 कि.मी.), आंध्र प्रदेश (6 कि.मी.) | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | और छत्तीसगढ (20 कि.मी.) (तेलंगाना- छत्तीसगढ दोनों राज्यों में स्थित 20 कि.मी., तेलंगाना- आंध्र प्रदेश में 6 कि.मी. और तेलंगाना- महाराष्ट्र में 62.5 कि.मी.) | |
| | | 636.200 | कृष्णा नदी (वजीराबाद - गलागली) कर्नाटक (297.8 कि.मी.), तेलंगाना (375.7 कि.मी.) और आंध्र प्रदेश (247 कि.मी.), (आंध्र प्रदेश- तेलंगाना दोनों राज्यों में स्थित 247 कि.मी.और तेलंगाना- कर्नाटक में 37.3 कि.मी.) | |
| 5 | राष्ट्रीय जलमार्ग 5 | 256.000 | ईस्ट कोस्ट नहर | ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल |
| | | | मताई नदी | |
| | | 265.000 | ब्राह्मणी – खार्सुआ – धामरा नदी | |
| | | 67.000 | महानदी डेल्टा नदियां (जिनमें हंसुआ नदी, तुनानाला, गोब्रीनाला, खर्नासी नदी और महानदी नदी शामिल हैं) | |
| 6 | राष्ट्रीय जलमार्ग 6 | 68.484 | आई नदी | असम |
| 7 | राष्ट्रीय जलमार्ग 7 | 89.573 | अजोय (अजय) नदी | पश्चिम बंगाल |
| 8 | राष्ट्रीय जलमार्ग 8 | 29.300 | अलाप्पुझा -चंगनसरी नहर | केरल |
| 9 | राष्ट्रीय जलमार्ग 9 | 40.200 | अलाप्पुझा -कोट्टायम -अथिरमपुजा नहर | केरल<br>वैकल्पिक मार्ग : 11.5 कि.मी |
| 10 | राष्ट्रीय जलमार्ग 10 | 44.971 | अंबा नदी | महाराष्ट्र |
| 11 | राष्ट्रीय जलमार्ग 11 | 98.900 | अरुणावती- अरन नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 12 | राष्ट्रीय जलमार्ग 12 | 5.500 | असी नदी | उत्तर प्रदेश |
| 13 | राष्ट्रीय जलमार्ग 13 | 11.300 | एवीएम नहर | केरल (2.8 कि.मी.) और तमिलनाडु (8.5 कि.मी.) |
| 14 | राष्ट्रीय जलमार्ग 14 | 48.477 | बैतरणी नदी | ओडिशा |
| 15 | राष्ट्रीय जलमार्ग 15 | 135.165 | बकरेश्वर-मयूराक्षी नदी प्रणाली | पश्चिम बंगाल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | राष्ट्रीय जलमार्ग 16 | 121.000 | बराक नदी | असम |
| 17 | राष्ट्रीय जलमार्ग 17 | 189.000 | ब्यास नदी | हिमाचल प्रदेश (40.36 कि.मी.) और पंजाब (153.5 कि.मी.) (4.86 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 18 | राष्ट्रीय जलमार्ग 18 | 68.900 | बेकी नदी | असम |
| 19 | राष्ट्रीय जलमार्ग 19 | 67.050 | बेतवा नदी | उत्तर प्रदेश |
| 20 | राष्ट्रीय जलमार्ग 20 | 94.650 | भवानी नदी | तमिलनाडु |
| 21 | राष्ट्रीय जलमार्ग 21 | 138.900 | भीमा नदी | कर्नाटक (138.9 कि.मी.) और तेलंगाना (8.66 कि.मी.) (8.66 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 22 | राष्ट्रीय जलमार्ग 22 | 155.564 | बिरूपा –बडी गेंगुटी – ब्राह्मणी नदी प्रणाली | ओडिशा |
| 23 | राष्ट्रीय जलमार्ग 23 | 55.896 | बुढा बलांगा | ओडिशा |
| 24 | राष्ट्रीय जलमार्ग 24 | 60.860 | चंबल नदी | उत्तर प्रदेश |
| 25 | राष्ट्रीय जलमार्ग 25 | 33.001 | चापोरा नदी | गोवा |
| 26 | राष्ट्रीय जलमार्ग 26 | 51.072 | चेनाब नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 27 | राष्ट्रीय जलमार्ग 27 | 17.000 | कंबरजुआ नदी | गोवा |
| 28 | राष्ट्रीय जलमार्ग 28 | 45.228 | दाभोल क्रीक-वशिष्ठी नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 29 | राष्ट्रीय जलमार्ग 29 | 132.410 | दामोदर नदी | पश्चिम बंगाल |
| 30 | राष्ट्रीय जलमार्ग 30 | 109.136 | देहांग नदी | असम |
| 31 | राष्ट्रीय जलमार्ग 31 | 113.752 | धनसीरी /चाथे | असम |
| 32 | राष्ट्रीय जलमार्ग 32 | 63.205 | दिखू नदी | असम |
| 33 | राष्ट्रीय जलमार्ग 33 | 61.368 | डॉयांस नदी | असम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | राष्ट्रीय जलमार्ग 34 | 136.957 | डीवीसी नहर | पश्चिम बंगाल |
| 35 | राष्ट्रीय जलमार्ग 35 | 107.809 | द्वारकेश्वर नदी | पश्चिम बंगाल |
| 36 | राष्ट्रीय जलमार्ग 36 | 119.165 | द्वारका नदी | पश्चिम बंगाल |
| 37 | राष्ट्रीय जलमार्ग 37 | 295.700 | गंडक नदी | बिहार (255.8 कि.मी.) और उत्तर प्रदेश (33.68 कि.मी.) और नेपाल में 6.22 कि.मी. |
| 38 | राष्ट्रीय जलमार्ग 38 | 62.000 | गंगाधर नदी | असम (62 कि.मी.)और पश्चिम बंगाल (17.1 कि.मी.) (17.1 कि.मी.दोनों में स्थित) |
| 39 | राष्ट्रीय जलमार्ग 39 | 49.143 | गनोल नदी | असम (31.44 कि.मी.) और मेघालय (17.56 कि.मी.) |
| 40 | राष्ट्रीय जलमार्ग 40 | 353.600 | घाघरा नदी | बिहार (90.97 कि.मी.) और उत्तर प्रदेश (344.83 कि.मी.) (82.2 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 41 | राष्ट्रीय जलमार्ग 41 | 111.760 | घाटप्रभा नदी | कर्नाटक |
| 42 | राष्ट्रीय जलमार्ग 42 | 514.310 | गोमती नदी | यूपी |
| 43 | राष्ट्रीय जलमार्ग 43 | 10.041 | गुरुपुर नदी | कर्नाटक |
| 44 | राष्ट्रीय जलमार्ग 44 | 63.381 | इच्छामती नदी | पश्चिम बंगाल |
| 45 | राष्ट्रीय जलमार्ग 45 | 650.100 | इंदिरा गांधी नहर | पंजाब (149.48 कि.मी.) हरियाणा (19.83 कि.मी.)और राजस्थान (480.69 कि.मी.) |
| 46 | राष्ट्रीय जलमार्ग 46 | 34.670 | सिंधु नदी | जम्मू और कश्मीर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 47 | राष्ट्रीय जलमार्ग 47 | 130.590 | जलंगी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 48 | राष्ट्रीय जलमार्ग 48 | 615.445 | जवाई-लूनी नदी और कच्छ का रण नदी प्रणाली | गुजरात (410.043 कि.मी.) और राजस्थान (205.402 कि.मी.) |
| 49 | राष्ट्रीय जलमार्ग 49 | 110.270 | झेलम नदी | जम्मू और कश्मीर |
| 50 | राष्ट्रीय जलमार्ग 50 | 42.576 | जिंजिराम नदी | असम (42.576 कि.मी.) और मेघालय (28.246 कि.मी.)<br>( 28.246 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 51 | राष्ट्रीय जलमार्ग 51 | 23.171 | काबीनी नदी | कर्नाटक |
| 52 | राष्ट्रीय जलमार्ग 52 | 53.415 | काली नदी | कर्नाटक |
| 53 | राष्ट्रीय जलमार्ग 53 | 144.640 | कल्याण –ठाणे -मुंबई जलमार्ग, वसई क्रीक और उल्हास नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 54 | राष्ट्रीय जलमार्ग 54 | 86.000 | कर्मनाशा नदी | बिहार (86 कि.मी.) और उत्तर प्रदेश (86 कि.मी.) (86 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 55 | राष्ट्रीय जलमार्ग 55 | 310.847 | कावेरी-कोलिदाम नदी प्रणाली | तमिलनाडु |
| 56 | राष्ट्रीय जलमार्ग 56 | 22.104 | खेरकाई नदी | झारखंड |
| 57 | राष्ट्रीय जलमार्ग 57 | 49.900 | कोपिली नदी | असम |
| 58 | राष्ट्रीय जलमार्ग 58 | 233.04 | कोसी नदी | बिहार |
| 59 | राष्ट्रीय जलमार्ग 59 | 18.800 | कोट्टायम -वाइकॉम नहर | केरल |
| 60 | राष्ट्रीय जलमार्ग 60 | 80.446 | कुमारी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 61 | राष्ट्रीय जलमार्ग 61 | 27.870 | किंशी नदी | मेघालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 62 | राष्ट्रीय जलमार्ग 62 | 86.000 | लोहित नदी | असम (17.89 कि.मी.) और अरूणाचल प्रदेश (68.11 कि.मी.) |
| 63 | राष्ट्रीय जलमार्ग 63 | 336.350 | लूनी नदी | राजस्थान |
| 64 | राष्ट्रीय जलमार्ग 64 | 426.320 | महानदी नदी | ओडिशा |
| 65 | राष्ट्रीय जलमार्ग 65 | 80.391 | महानंदा नदी | पश्चिम बंगाल |
| 66 | राष्ट्रीय जलमार्ग 66 | 246.989 | माही नदी | गुजरात |
| 67 | राष्ट्रीय जलमार्ग 67 | 93.500 | मालप्रभा नदी | कर्नाटक |
| 68 | राष्ट्रीय जलमार्ग 68 | 41.000 | माण्डोवी नदी | गोवा |
| 69 | राष्ट्रीय जलमार्ग 69 | 4.750 | मणिमुथारू नदी | तमिलनाडु |
| 70 | राष्ट्रीय जलमार्ग 70 | 245.000 | मंजीरा नदी | महाराष्ट्र (35.5 कि.मी.) और तेलंगाना (245 कि.मी.) (35.5 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 71 | राष्ट्रीय जलमार्ग 71 | 26.638 | मापुसा /मोइडे नदी | गोवा |
| 72 | राष्ट्रीय जलमार्ग 72 | 58.700 | नाग नदी | महाराष्ट्र |
| 73 | राष्ट्रीय जलमार्ग 73 | 226.343 | नर्मदा नदी | महाराष्ट्र (38.44 कि.मी.) और गुजरात (266 कि.मी.) (38.44 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 74 | राष्ट्रीय जलमार्ग 74 | 79.205 | नेत्रावती नदी | कर्नाटक |
| 75 | राष्ट्रीय जलमार्ग 75 | 141.704 | पलार नदी | तमिलनाडु |
| 76 | राष्ट्रीय जलमार्ग 76 | 23.000 | पंचगंगावली (पंचगंगोली) नदी | कर्नाटक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 77 | राष्ट्रीय जलमार्ग 77 | 19.508 | पझिहार नदी | तमिलनाडु |
| 78 | राष्ट्रीय जलमार्ग 78 | 261.510 | पेनगनागा –वर्धा नदी प्रणाली | महाराष्ट्र (261.51 कि.मी.) और तेलंगाना (116.1 कि.मी.) (116.1 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 79 | राष्ट्रीय जलमार्ग 79 | 28.280 | पेन्नार नदी | आंध्र प्रदेश |
| 80 | राष्ट्रीय जलमार्ग 80 | 126.239 | पोन्नियार नदी | तमिलनाडु |
| 81 | राष्ट्रीय जलमार्ग 81 | 34.610 | पुनपुन नदी | बिहार |
| 82 | राष्ट्रीय जलमार्ग 82 | 58.234 | पुथिमारी नदी | असम |
| 83 | राष्ट्रीय जलमार्ग 83 | 30.645 | राजपुरी क्रीक | महाराष्ट्र |
| 84 | राष्ट्रीय जलमार्ग 84 | 44.276 | रावी नदी | जम्मू और कश्मीर (24 कि.मी.), हिमाचल प्रदेश (20.267 कि.मी.) और पंजाब (12 कि.मी.) (12 कि.मी. जम्मू और कश्मीर- पंजाब दोनों में स्थित और जम्मू और कश्मीर – हिमाचल प्रदेश में 12 कि.मी.) |
| 85 | राष्ट्रीय जलमार्ग 85 | 30.736 | रेवडांडा क्रीक-कुंडलिका नदी प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 86 | राष्ट्रीय जलमार्ग 86 | 72.039 | रूपनारायण नदी | पश्चिम बंगाल |
| 87 | राष्ट्रीय जलमार्ग 87 | 210.042 | साबरमती नदी | गुजरात |
| 88 | राष्ट्रीय जलमार्ग 88 | 14.059 | साल नदी | गोवा |
| 89 | राष्ट्रीय जलमार्ग 89 | 45.470 | सावित्री नदी (बानकोट क्रीक) | महाराष्ट्र |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 90 | राष्ट्रीय जलमार्ग 90 | 28.674 | शरावती नदी | कर्नाटक |
| 91 | राष्ट्रीय जलमार्ग 91 | 52.020 | शास्त्री नदी-जयगढ़ क्रीक प्रणाली | महाराष्ट्र |
| 92 | राष्ट्रीय जलमार्ग 92 | 25.619 | सिलबाटी नदी | पश्चिम बंगाल |
| 93 | राष्ट्रीय जलमार्ग 93 | 62.600 | सिमसांग नदी | मेघालय |
| 94 | राष्ट्रीय जलमार्ग 94 | 141.000 | सोन नदी | बिहार |
| 95 | राष्ट्रीय जलमार्ग 95 | 106.452 | सुबनसिरी नदी | असम |
| 96 | राष्ट्रीय जलमार्ग 96 | 310.932 | सुबर्ण रेखा नदी | झारखंड (150.48 कि.मी.), पश्चिम बंगाल (95.14 कि.मी.) और ओडिशा (93.52 कि.मी.) (4.95 कि.मी. झारखंड- पश्चिम बंगाल दोनों में स्थित, पश्चिम बंगाल - ओडिशा में 13.06 कि.मी. और झारखंड- ओडिशा में 10.13 कि.मी.) |
| 97 | राष्ट्रीय जलमार्ग 97 | 172.000 | सुंदरबन जलमार्ग | पश्चिम बंगाल |
| | | 55.823 | बिद्या नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 15.207 | छोटा कालागाची (छोटो कालागाची) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 6.711 | गोमर नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 15.827 | हरिभंगा नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 37.202 | होगला (होगल) – पठानखली नदी | पश्चिम बंगाल |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 8.513 | कालिंदी (कालंदी) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 22.465 | कटाखाली नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 98.731 | मटला नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 28.418 | मुरी गंगा (बरताला) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 53.381 | रायमंगल नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 14.392 | साहिबखली (साहेबखली) नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 37.163 | सप्तमुखी नदी | पश्चिम बंगाल |
| | | 63.865 | ठाकुरान नदी | पश्चिम बंगाल |
| 98 | राष्ट्रीय जलमार्ग 98 | 377.000 | सतलज नदी | हिमाचल प्रदेश (129.42 कि.मी.) और पंजाब (247.58 कि.मी.) |
| 99 | राष्ट्रीय जलमार्ग 99 | 62.410 | ताम्रपर्णी नदी | तमिलनाडु |
| 100 | राष्ट्रीय जलमार्ग 100 | 436.244 | तापी नदी | महाराष्ट्र (203.94 कि.मी.) और गुजरात (232.06 कि.मी.) |
| 101 | राष्ट्रीय जलमार्ग 101 | 42.000 | टीज़ू-ज़ुंगकी नदियां | नागालैंड |
| 102 | राष्ट्रीय जलमार्ग 102 | 87.136 | तवांग (ढलेश्वरी नदी) | असम (23.68 कि.मी.) और मिजोरम (65.506 कि.मी.) (2.05 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 103 | राष्ट्रीय जलमार्ग 103 | 73.250 | टोंस नदी | उत्तर प्रदेश |
| 104 | राष्ट्रीय जलमार्ग 104 | 232.400 | तुंगभद्रा नदी | कनार्टक (134.9 कि.मी.), तेलंगाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | (97.5 कि.मी.) और आंध्र प्रदेश (158.4 कि.मी.) (60.9 कि.मी. आंध्र प्रदेश- कर्नाटक दोनों में स्थित और आंध्र प्रदेश – तेलंगाना में 97.5 कि.मी.) |
| 105 | राष्ट्रीय जलमार्ग 105 | 15.211 | उदयवारा नदी | कर्नाटक |
| 106 | राष्ट्रीय जलमार्ग 106 | 20.050 | उम्नगोट (दावकी) नदी | मेघालय |
| 107 | राष्ट्रीय जलमार्ग 107 | 45.600 | वैगई नदी | तमिलनाडु |
| 108 | राष्ट्रीय जलमार्ग 108 | 52.830 | वरुणा नदी | उत्तर प्रदेश |
| 109 | राष्ट्रीय जलमार्ग 109 | 165.780 | वैनगंगा –प्राणहिता नदी प्रणाली | महाराष्ट्र (165.78 कि.मी.) और तेलंगाना (114 कि.मी.) (114 कि.मी. दोनों में स्थित) |
| 110 | राष्ट्रीय जलमार्ग 110 | 1081.000 | यमुना नदी | दिल्ली (33.6 कि.मी.), हरियाणा (100.63 कि.मी.) औरउत्तर प्रदेश (1016.092 कि.मी.) (5.27 कि.मी. दिल्ली-यूपी दोनों में स्थित और हरियाणा-यूपी में 65.36 कि.मी.) |
| 111 | राष्ट्रीय जलमार्ग 111 | 50.000 | ज़ुआरी नदी | गोवा |
| | कुल लंबाई | 20186.650 | | |

*****